BUSINESS LINE N.D 2/1/19

संक्षेप में

चीन से आयातित सिंथेटिक रबर पर डंपिंग रोधी शुल्क

सरकार चीन से आयातित सिंथेटिक रबर पर डंपिंग रोधी शुल्क लगा सकती है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से वाहन और अन्य उद्योगों में होता है। सिंथेटिक रबर पर 0.078 से 7.31 डॉलर प्रति किलोग्राम की दर से डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कहा कि चीन से आयातित फ्लोरोइलास्टोमर्स पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने से डंपिंग के असर को कम किया जा सकेगा। डीजीटीआर ने अधिसूचना में कहा कि प्राधिकरण को सिंथेटिक रबर के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाना जरूरी लगता है। यह शुल्क 18 माह के लिए लगाया जाएगा। *भाषा*